# पीटीआर के इको सेंसटिव जोन को मंजूरी

## अधिसूचना जारी : पीलीभीत टाइगर रिजर्व की वन सीमा से दो किमी के दायरे को किया प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

**अमृत विचार** : आखिरकार लंबी जद्दोजहद के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व का इको सेंसटिव जोन घोषित कर दिया गया। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पीलीभीत टाइगर रिजर्व की वन सीमा के चारों तरफ दो किमी तक के दायरे को इको सेंसटिव जोन घोषित किया गया है। अब इको सेंसटिव जोन के दायरे में कोई पक्का निर्माण या औद्योगिक गतिविधियां नहीं हो सकेंगी। हालांकि अब पर्यटन को लेकर गाइडलाइन के अनुसार होम स्टे और होटल आदि तय परिधि में विकसित हो सकेंगे।

पड़ोसी देश नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी एवं उत्तराखंड राज्य के तराई पूर्वी वन प्रभाग की सुरई रेंज से सटा पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैवविविधता के लिए देश दुनिया में मशहूर है। तराई की गोद में बसे इस टाइगर रिजर्व रिजर्व में नदी-जलाशयों, तृणभोजी वन्यजीवों की प्रचूरता एवं वन एवं वन्यजीवों की बेहतर सुरक्षा के चलते यहां बाघों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2022 की टाइगर एस्टीमेशन रिपोर्ट के अनुसार यहां 71 से अधिक बाघ पाए गए थे। 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले पीलीभीत टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन को लेकर गत वर्ष फरवरी माह में प्रस्ताव तैयार कर शासन के माध्यम से भेजा गया था।

प्रस्ताव में टाइगर रिजर्व की वन सीमा से 02 किमी के क्षेत्र को इको सेंसटिव जोन घोषित किए जाने कर उल्लेख किया किया। चूंकि इको सेंसटिव जोन को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत अधिसूचित करता है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आस-पास कुछ गतिविधियों को प्रतिबंधित और नियंत्रित करना है, ताकि संरक्षित क्षेत्रों के निकटवर्ती संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्र पर ऐसी गतिविधियों के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सके। इस बीच मंत्रालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव कुछ तकनीकी आपत्तियां लगाई गई। जिनका पिछले दिनों निराकरण कर दिया गया। इधर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन को मंजूरी दे दी है।

- **अब इको सेंसटिव जोन में नहीं हो सकेगी औद्योगिक गतिविधियां**

> पीटीआर के इको सेंसटिव जोन में अब ध्वनि, वायु, मानव निर्मित संरचनाओं के प्रदूषण पर प्रतिबंध रहेगा। होटल, रिसॉर्ट, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आदि को लेकर मानकों का पालन कराया जाएगा। गजट में 41 बिंदुओं पर अनुमति जारी की गई है। ताकि सख्ती से पालन कराया जा सके। साथ ही जो अनाधिकृत निर्माण हैं, उन पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### ईसीजेड के दो किमी के दायरे में कई कार्यों पर प्रतिबंध

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की वन सीमा के 02 किमी के दायरे को इको सेंसटिव जोन घोषित किया गया है। इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व की उत्तरी सीमा, जहां भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा और उत्तराखंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा से मिलती है, उन क्षेत्रों में शून्य (0) किमी का इको सेंसटिव जोन घोषित किया गया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक अब इको सेंसटिव जोन में बसे गांवों में कई तरह की मानवीय गतिविधियों पर प्रतिबंध लग जाएगा। दो किमी के दायरे में अब किसी भी नए होटल, रिसॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान के निर्माण की अनुमति नहीं मिलेगी। इस दायरे में बागवाली क्षेत्रों कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों पर मुख्य वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी इसके अलावा इको सेंसटिव जोन में उत्खनन कार्य, बड़ी परियोजनाओं की स्थापना, नई आरा मिलों, ईंट भट्टों की स्थापना और लकड़ी के ईंधन के व्यावसायिक उपयोग पर भी रोक लग जाएगी। निजी भूमि पर लगे पेड़ों को काटने की भी विभाग से अनुमति लेनी होगी।

### 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला हैं पीटीआर

पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अंतर्गत 73024 .98 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले बाघ अभ्यारण में 60279 .80 हेक्टेयर कोर क्षेत्र एवं 12745 .18 हेक्टेयर का बफर क्षेत्र शामिल है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल की चौड़ाई 02 से 15 किमी और कहीं-कहीं 03 से 05 किमी है।

## पीलीभीत आगमन पर पूर्व मंत्री फूलबाबू का स्वागत


सपा जिलाध्यक्ष महासचिव संग पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद मंगलवार को पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू पीलीभीत पहुंचे। जिले की सीमा में प्रवेश करने के साथ ही कई जगह उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

खनंका पुल, रोहनिया, बीसलपुर, ईदगाह, पटेल नगर पुलिया, पुराना पीलीभीत बस स्टैंड, बरखेड़ा, सिमरिया, पौटा होते हुए वह नकटादाना चौराहा के पास स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पहुंचे। यहां भी उनका स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री फूलबाबू ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास, भाईचारे और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि अनीस अहमद खां फूलबाबू के लंबे राजनीतिक अनुभव, व्यापक जनाधार और प्रशासनिक क्षमता से पार्टी को जनपद में नई मजबूती मिलेगी। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, दिव्या गंगवार, फैजान अली खां एडवोकेट, गयासुद्दीन मंसूरी, अमित पाठक एडवोकेट, अकबर अहमद अंसारी, संदीप सक्सेना, संजय खान, नरेश कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कन्या की शादी के लिए दिया उपहार



**पीलीभीत, अमृत विचार** : शहर के एक होटल में मंगलवार को संस्कृति संस्था का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नीता अग्रवाल, आस्था अग्रवाल की अगुवाई में बैठक हुई। जिसमें शहीदी दिवस एवं महा शिवरात्रि के पर्व पर संस्कृति संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या की शादी के लिए उपहार का का सामान दिया गया। इसमें पांच हजार रुपये, बेडशीट, साड़ियां, सूट, पर्स, सुहाग का सामान, बर्तन, अनकानेक घरेलू इस्तेमाल का सामान शामिल रहा। अध्यक्ष सुधा अग्रवाल, सचिव मधु कुमार, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मृदुल अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, मीना बग्गा, नीता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, कुमकुम, पूनम, सारिका, मधु, तारा, शोभारानी, राजश्री, नीना, अनुरीता, नीलम, गौरी आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन पर नहीं कसा जा सका शिकंजा

**बिलसंडा, अमृत विचार** : क्षेत्र में अवैध खनन पर जिम्मेदार शिकंजा नहीं कस सके हैं। रेत का खनन भी बीते कुछ दिनों से तेज हो चुका है। बीते माह गांव सिसैया साहब में विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भी अवैध खनन में लगी ट्रॉली को पकड़ा था। उस वक्त कार्रवाई की बात कही गई लेकिन इसके बाद भी सख्ती जारी है। तांगा बुग्गी पर भी अवैध खनन चल रहा है। अभी भी खुलेआम खनन के वाहन दौड़ रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नाममात्र है।

### हादसे में साइकिल सवार घायल, रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार** : ग्राम भैनपुरा निवासी शारदा देवी पुत्री रामदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी को उसके पिता रामदयाल साइकिल से ग्राम कैंचुआ जा रहे थे। पहाड़गंज रोड पर बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें पिता घायल हो गए। पुलिस ने मामले में पहाड़गंज निवासी सोहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सीडीओ ने ब्लॉक का किया निरीक्षण


ब्लॉक का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचार** : सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने मंगलवार को ब्लॉक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। एडीओ पंचायत कृष्णा देवी अनुपस्थित पाई गई।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में बने सचिव आवास, बीडीओ कार्यालय, लेखाकार कार्यालय, मनरेगा कक्ष को देखा। जर्जर भवनों की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। बाहरी लोगों द्वारा काबिज आवासों को खाली कराने को कहा। इसके साथ अभिलेखों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए। सचिवों के साथ बैठक की गई और गांव की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बीडीओ अमित शुक्ला, जेई सालिगराम, रजनीश, ओम जी शर्मा, सचिव इबरार, केपी सिंह, प्रियांशु द्विवेदी, रोहित कुमार, पंकज शर्मा, प्रदीप कुमार, प्रवीन मौर्य आदि मौजूद रहे।

## पीटीआर की 20 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया अवैध कब्जा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


वन भूमि पर खड़ी कृषि फसलों की ट्रैक्टर से जुताई कराती टीम।


अभियान के दौरान मौजूद डीएफओ भरत कुमार डीके व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार** : पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दियोरियां रेंज के अंतर्गत अवैध कब्जे वाली वन भूमि को प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में कब्जामुक्त करा लिया गया। वन भूमि पर लंबे अरसे से अवैध कब्जेदार काबिज थे। पीलीभीत एवं शाहजहांपुर वन विभाग की टीम की मौजूदगी में चले अभियान के दौरान 20 हेक्टेयर वन भूमि से अवैध कब्जा हटवाते हुए कब्जे में ले लिया गया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दियोरिया रेंज की नवदिया बंकी बीट का 813.70 हेक्टेयर क्षेत्रफल शाहजहांपुर क्षेत्र में आता है, लेकिन देखरेख का जिम्मा पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अधीन है। बताते हैं कि उक्त वनभूमि में करीब 20 हेक्टेयर भूमि पर कुछ किसानों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिस पर अवैध कब्जेदार लंबे अरसे से कृषि फसलें उगाते आ रहे हैं। वन भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन प्रयास में लगा हुआ था। इसको लेकर शासन स्तर पर लगातार पत्राचार भी किया जा रहा था। इधर मंगलवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके एवं एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय के नेतृत्व में वन भूमि को कब्लामुक्त कराने के लिए टीम नवदिया बंकी क्षेत्र में पहुंचीं। टीम में पीलीभीत एवं शाहजहांपुर वन प्रभाग के अफसरों के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में संबंधित क्षेत्र में पैमाइश शुरू की। भनक लगते ही आसपास क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। पैमाइश के बाद अफसरों के निर्देश पर टीम ने जेसीबी एवं ट्रैक्टर से खेतों में खड़ी गेहूं आदि फसल की जुताई को वन भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया। पुलिस फोर्स की मौजूदगी के चलते कोई भी विरोध करने का साहस नहीं कर सका।

- **डीएफओ समेत प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में चला अभियान**

> संयुक्त टीम द्वारा करीब 20 हेक्टेयर वन भूमि को कब्जामुक्त कराया गया है। बीते आठ साल से वन भूमि पर लोगों ने कब्जा कर रखा था। वन भूमि को सुरक्षित रखने के लिए जल्द ही तूदाबंदी कराई जाएगी। – **भरत कुमार डीके**, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग

## सीबीएसई बोर्ड : गणित के पेपर में 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



परीक्षा केंद्र में जाने के लिए लाइन में लगे 10वीं परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **पहले दिन दसवीं की कराई गई परीक्षाएं, सात केंद्रों पर 2527 परीक्षार्थी पंजीकृत**
- **प्रवेश पत्र दिखाने के बाद मिला परीक्षार्थियों को प्रवेश, सख्त रहे इंतजाम**

> सीबीएसई बोर्ड के 10वीं की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन गणित का पेपर सकुशल संपन्न कराया गया। सात परीक्षा केंद्रों पर 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। कहीं भी कोई नकल सामग्री नहीं पकड़ी गई। – **एनसी पाठक**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

**अमृत विचार** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरु हुई। पहले दिन परीक्षार्थियों का गणित विषय का पेपर कराया गया। जिसमें 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जबकि 2508 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद प्रवेश मिला। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं में जुटा रहा। अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। हालांकि कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षार्थियों के अनुसार गणित का पेपर थोड़ा कठिन रहा।

सीबीएसई बोर्ड की ओर से सात परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं। मंगलवार को पहली पाली में सुबह 10:30 बजे से केंद्रों पर 10वीं का गणित का पेपर कराया। जिसमें 2527 परीक्षार्थियों पंजीकृत थे। शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल, सेंट अलॉयसियस कॉलेज और लायंस बाल विद्या मंदिर स्कूल परीक्षा केंद्र बनाया गया। पूरनपुर तहसील क्षेत्र में सेंट जोसेफ स्कूल, लकी चिल्ड्रन स्कूल और स्वामी एजुकेशनल स्कूल में परीक्षा केंद्र बना। जबकि बीसलपुर तहसील में मदर पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया। सुबह 10 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ लगने लगी। जहां गेट पर ड्यूटी में लगे शिक्षकों ने चेकिंग करने के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया। प्रवेश पत्र से फोटो का भी मिलान किया गया। बोर्ड की ओर से निर्धारित समय पर पेपर शुरू हुआ। परीक्षा के दौरान कोऑर्डिनेटर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते दिखाई दिए। किसी के पास कोई नकल नहीं मिली। परीक्षा के दौरान शहर में बनाए गए तीन केंद्रों पर 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सेंट एलायसिस में छह, लायंस में एक, बेनहर स्कूल में तीन अनुपस्थित रहे। पूरनपुर के सेंट जोसेफ में चार, लकी चिल्ड्रेन में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। जबकि स्वामी में कोई अनुपस्थित नहीं पाया गया। इसके अलावा बीसलपुर के मदर्स स्कूल में चार परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। ऐसे में सात केंद्रों पर सिर्फ 2508 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा के दौरान कुछ परीक्षार्थी पेपर देखकर परेशान हो गए। लेकिन पेपर समझने के बाद उन्हें गणित का पेपर करने में कोई समस्या नहीं आई। पहले दिन बोर्ड के दिशा निर्देश के क्रम में सचल दल और कोऑर्डिनेटर ने भी परीक्षा केंद्र चेक किए। कोई भी नकलची नहीं पकड़ गया।

## बीसलपुर में भी पूर्व मंत्री फूलबाबू का स्वागत

**बीसलपुर, अमृत विचार** : पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के बीसलपुर पहुंचने पर मंगलवार को स्वागत किया गया। सपा नेताओं ने ग्राम खनंका, शिवपुरी नवदिया, रोहनिया, चीनी मिल मार्ग, ईदगाह चौराहा, पटेल नगर पुलिया, बारह पत्थर चौराहा समेत कई जगह स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शैलेश शर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद खां, सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार, अनीस बेग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, जितेंद्र गंगवार, रमेश शुक्ला, मोहम्मद सारिक, भूरा, मुक्तदर हयात खान, बलीउल्ला, अहमद रजा खां, उमेश मिश्रा, ध्रुव पांडे, गिरीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति ने किया भावुक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

**अमृत विचार** : नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रहे। बच्चों ने रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आती है। ऑपरेशन सिंदूर के गीत पर हुई प्रस्तुति ने भावुक कर दिया। फूल और गुलाल से खेली गई होली का गीत का मंचन हुआ। बच्चों ने गेम और फूड स्टॉल भी लगाए। विशेष आकर्षण कपल्स कैट वॉक रही। मानवी जायसवाल , प्रिया, दिव्या, आराध्या, समृद्धि, स्मृति, अर्जुन, समर्थ, शुभकीरत, कृतिका, अमोली, खुशी, मन्नत, ख्वाहिश, कनिका अविका, अंशिका, पावनी , कनक, तेजस्विनी, जानवी, सतनाम सिंह, संजीव मौर्य, अवनीश जायसवाल, प्रबन्ध निदेशक मोहम्मद रेहान, उपप्रबंधक निदेशक मोहम्मद इबाद, प्रधानाचार्य आशुतोष दुबे, अनामिका त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।


## एआई का सदुपयोग करने की दिलाई शपथ

**पीलीभीत, अमृत विचार** : उपाधि महाविद्यालय में एआई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं को दुरुपयोग न करने की शपथ दिलाई गई।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नाइलिट के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने कराई। डॉ. अनुपम कुमार, करियर काउंसिलिंग प्रभारी डॉ. जितेंद्र नाथ मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की वर्तमान समय में उपयोगिता एवं उसके व्यापक प्रभाव के बारे में बताया। नाइलिट के मुख्य वक्ता विशेष मिश्रा ने आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव, उसके विविध क्षेत्रों में उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि एआई तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है।

## यूपी बोर्ड : जिले में आज से 69 परीक्षा केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं, सख्त रहेगा पहरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की स्थिति चेक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- **डीएम-एसपी ने चेक कीं व्यवस्थाएं, सीसीटीवी से लेकर सिटिंग प्लान में जुटा महकमा**
- **दो पालियों में कराई जाएगी परीक्षा, 41821 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड परीक्षा आज से शुरू होंगी। दो पालियों में इन्हें संपन्न कराया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े 8 बजे जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से होगी। पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी का पेपर होगा। दूसरी पाली में इंटर के हिंदी का पेपर होगा। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए एक दिन पहले से ही अधिकारी व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे रहे। दिनभर परीक्षा केंद्रों पर कमियां दूर करने के लिए टीम जुटी रहीं। देर शाम तक अधिकारी कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर मातहतों की ओर से कराए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करते रहे।

जनपद में 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जोकि शहर के अलावा पूरनपुर, अमरिया, बीसलपुर, माधोटांडा, मझोला मार्ग पर स्थित कॉलेजों में हैं। इस बार कुल 41,821 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल में 23,241 और इंटरमीडिएट में 18,580 शामिल हैं। बुधवार को 10वीं और 12वीं में दोनों पालियों में हिंदी का पेपर कराया जाएगा। परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन कराने पर जोर दिया है। सभी कक्षों में दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसका कंट्रोल रूम ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में बनाया गया है। परीक्षा से एक दिन पहले अफसर दौड़ते दिखाई दिए। एक दिन पहले डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव ने मंगलवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज और ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं देखीं। स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आगामी परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों की सीलिंग, लॉक रजिस्टर और सुरक्षा इंतजामों की जांच की। डीएम ने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और अधिकृत कर्मियों के अलावा किसी को प्रवेश न दिया जाए। प्रश्न पत्र खोलने व बंद करने का समय, प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी व्यक्तियों तथा सुरक्षा कर्मियों के हस्ताक्षर लॉक बुक में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाएं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में सभी विद्यालयों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था भी परखी गई। डीआईओएस राजीव कुमार की मौजूदगी में सीसीटीवी कैमरों की कनेक्टिविटी भी चेक की गई। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड सीधे कंट्रोल रूम को मिलेगी, जिससे परीक्षार्थियों की पहचान के साथ परीक्षा के दौरान जांचा जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ 69 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए पांच सचल दल का भी गठन किया गया है।

### एलआईयू और सीओ भी करेंगे निगरानी

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। प्रशासनिक अमले के साथ इस बार भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रत्येक केंद्र पर दो से तीन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही एलआईयू और संबधित सर्किल के सीओ भी भ्रमण कर परीक्षा की निगरानी करेंगे। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आती है। तो जिम्मेदारों को सूचित करें।

### पांच जोन और 15 सेक्टर बनाकर बांटी जिम्मेदारी

बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए डीएम ने जिले को पांच जोन और 15 सेक्टर में विभाजित किया है। जहां पांचों तहसील में एसडीएम स्तरीय अफसरों को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए जिला स्तरीय अफसरों का चयन कर उन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों में एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में विभिन्न विभागों के अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### परीक्षा केंद्र के बाहर फोटो स्टेट की दुकानें रहेगी बंद

यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र पर मंगलवार सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट पहले प्रवेश दिया जाएगा। इस दौरान चेकिंग प्वाइंट पर परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र और आईडी दिखाना पड़ेगा। साथ ही परीक्षा केंद्र की 100 मीटर की परिधि में फोटो स्टेट और अन्य दुकानें बंद रहेगी। परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार कोई भी इलेक्ट्रॉनिक आइटम अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। इसको लेकर पुलिस की भी ड्यूटी लगाई गई है।

### शारदा पार इलाके में रहेगी विशेष नजर

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर 69 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शारदा पार गभिया सहराई और चंदिया हजारा में भी केंद्र बने हैं। जहां परीक्षा आयोजित होगी। लेकिन उनकी मुख्यालय से दूरी अधिक होने के कारण हर बार रियल टाइम चेक करने में समस्या रहती है। लेकिन डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने इन दोनों क्षेत्र में विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इन केंद्रों के कैमरे हमेशा ऑन डिस्प्ले रहेंगे। ताकि उनको देखा जा सके। इसके अलावा पूरनपुर एसडीएम और अन्य अफसर इसकी निगरानी करेंगे। ताकि कोई गड़बड़ी की आशंका न रहे।

### आज की परीक्षा

**सुबह की पाली**– 8:30 बजे से 11.15 बजे : हाईस्कूल– हिंदी, प्रारंभिक हिंदी
**दोपहर की पाली**– 02 से 5.15 बजे : इंटरमीडिएट– हिंदी, सामान्य हिंदी

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| हाईस्कूल परीक्षार्थी– | 23,241 |
| इंटरमीडिएट परीक्षार्थी– | 18,580 |
| कुल परीक्षार्थी– | 41,821 |
| कुल परीक्षा केंद्र– | 69 |

> परीक्षा के दौरान सभी केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पांच जोन और 15 सेक्टर बनाए गए हैं। जिनमें जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्ति किए गए हैं। परीक्षार्थियों को सिटिंग प्लान के अनुसार ही बैठाने के आदेश दिए हैं। – **राजीव कुमार सिंह**, डीआईओएस

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता

M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन

Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location

सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# मंगल बाजार में सड़क पर दुकानें, लगा जाम

## बेतरतीब खड़े वाहन और ठेला-फड़ लगने से आवागमन बाधित, अव्यवस्थाएं दूर नहीं कर पाए जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सड़कों पर फैली अतिक्रमण और जाम रूपी अव्यवस्थाएं दूर नहीं हो पा रही है। अभी कुछ दिन पहले ही हादसे में घायल एक महिला की जान चली गई थी। उस वक्त ये सामने आया था कि महिला जिस ई-रिक्शा से अस्पताल ले जाई जा रही थी, वह जाम में फंस गया था। जिसकी वजह से समय पर इलाज नहीं मिल सका। इसके बाद भी अभी भी सड़कों की तस्वीर बदतर ही बनी हुई है। साप्ताहिक मंगल बाजार के अवैध तरीके से सड़क पर लगने से होने वाली परेशानी को लेकर कई बार शिकायतें हो चुकी और अभियान चले। मगर, सड़क पर सजने वाली दुकानों को हटवाया नहीं जा सका है, जबकि अस्पताल और स्कूल नजदीक हैं।



जामा मस्जिद मोड़ पर सड़क के बीच खड़ी पुलिस की गाड़ी। ● अमृत विचार

शहर के जामा मस्जिद के पास लगने वाला साप्ताहिक मंगल बाजार अधिकारियों की लापरवाही के चलते सड़क पर सज रहा है। साप्ताहिक बंदी के दिन मंगलवार को जामा मस्जिद के पास ये साप्ताहिक बाजार लगता है। इसमें गैर जनपद से भी व्यापारी दुकानें लगाने के लिए पहुंचते हैं। वैसे तो जामा मस्जिद घेर का परिसर साप्ताहिक बाजार के लिए चिन्हित है। सड़क पर दुकान नहीं लगाई जा सकती है। लंबे समय से समस्या चली आ रही है। सख्ती के दावे भी कई बार हो चुके हैं, लेकिन चंद दिन बाद हालात जस के तस हो जाते हैं। इसी मार्ग पर कई अस्पताल और स्कूल भी हैं। ऐसे में एंबुलेंस और स्कूली बच्चों के वाहन भी जाम में फंसते हैं। कुछ माह पूर्व शिकायतें बढ़ी तो पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने खुद कमान संभाली। सड़क पर लगने वाली दुकानों को हटवाया गया। पुलिस और नगर पालिका टीम की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई थी। मगर, कुछ दिन तक सख्ती जारी रही और हालात सुधरे से दिखाई दिए। अब फिर हालात बदतर हो चुके हैं। दुकानें धीरे-धीरे फुटपाथ से सड़क तक आने में भी देर नहीं लगी। तहसील के बाहर की तरफ की मुख्य सड़क पर दुकानें सज रही हैं। फिर भी अधिकारियों की नजरअंदाजगी बरकरार है। मंगलवार को भी साप्ताहिक बाजार सड़क तक सजा। इसके बाद बेतरतीब खड़े वाहन और ठेला फड़ लगने से आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। कई बार जाम के हालात बने रहे। साप्ताहिक मंगल बाजार की दुकानें सड़क पर लगी हुई थी। पुलिस की गाड़ी भी मोड़ पर ही सड़क के बीच खड़ी रही। आसपास की सड़कों पर जाम लगता रहा, लेकिन दुकानों को हटवाने की जहमत नहीं उठाई गई। इतना जरूर पुलिस की गाड़ी ही बीच सड़क पर खड़े होने से जाम की वजह बनती दिखी।

**ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन से मुसीबत :** एक तरफ सड़क पर सज रही दुकानें और उस पर ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन। ऐसे में जिस मार्ग पर दुकानें लगी थी।

इनके आसपास की गलियों में भी जाम की स्थिति बनी रही। सवारियां बैठाने की होड़ में ई-रिक्शा जहां-तहां बेतरतीब खड़े कर दिए गए। इसके बाद आवाजाही बाधित रही। इतना ही नहीं मंगल बाजार भी सड़क से सिमटने के बजाय चौक बाजार तक बढ़ती जा रही है।

- कई बार हो चुकी शिकायतें दिनभर बन रही जाम की स्थिति बिगड़ते रहे हालात

### जाम में फंसकर परेशान हो रहे राहगीर जिम्मेदार बेफिक्र

बीसलपुर, अमृत विचार : जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते सड़कों पर जाम की समस्या बरकरार है। अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसके चलते सड़कों पर दिन में कई बार जाम लगता है। नगर पालिका के सामने फुटपाथ पर सुबह होते ही अतिक्रमण हो जाता है। दिन में दर्जनों बार जाम लगता है। जिसमें फंसकर लोग परेशान रहते हैं। नगर पालिका चौराहे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौराहे तक मार्ग पर पूरी तरह से अतिक्रमण है। इसके बाद कार्य से आने वालों के वाहन सड़क पर बेतरतीब खड़े होते हैं। ई रिक्शा का भी बेतरतीब संचालन हो चुका है। अधिकारियों की आवाजाही रहती है। अतिक्रमणकारियों के हौसले भी बुलंद हैं। ईओ शमशेर सिंह का कहना है कि अतिक्रमण हटवाने के लिए एसडीएम और कोतवाली पुलिस को पत्र लिखा है। शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

# 22 को लगने वाले मेगा शिविर को लेकर हुई बैठक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार चतुर्थ के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर को लेकर बैठक हुई। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव/सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ने शिविर के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव/सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नूहिन जैदी की अध्यक्षता में बैठक में हुई। जिसमें सभी तहसीलदारों ने भाग लिया बैठक में बताया कि मेगा शिविर में मौजूद आम जनमानस को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों को अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करे, इस पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस दौरान प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अलग-अलग विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए 22 फरवरी को वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किये जाने के निर्देश दिए गए है। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी समेत सभी तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# संकुल बैठक में निपुण आकलन पर मंथन

**जहानाबाद, अमृत विचार :** हर माह आयोजित होने वाली संकुल बैठक इस बार प्राथमिक विद्यालय हैदरगंज में हुई। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण आकलन, टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) के प्रभावी उपयोग और टीवीटी संबंधी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बेहतर बनाने के लिए नवाचार अपनाने के निर्देश दिए गए। संकुल प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यालय में मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करें और कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति, यूनिफॉर्म, मध्याह्न भोजन और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों—की जानकारी भी साझा की गई। बैठक में शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों की समस्याएं और अनुभव भी साझा किए।

# राज्यमंत्री के बहनोई के पिता का निधन, शोकसभा



राज्यमंत्री के कार्यालय पर हुई शोकसभा। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के बहनोई अहिवरन सिंह के पिता रामभरोसे लाल (85) का मंगलवार सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन की खबर मिलते ही भाजपा के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यमंत्री के जन सहयोग कार्यालय में शोकसभा हुई। जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद कार्यालय को बंद कर दिया गया। जानकारी दी गई कि कार्यालय 18 फरवरी को भी बंद रहेगा। इस मौके पर राज्यमंत्री के पिता बाबूराम गंगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, राकेश सिंह, सभासद मोनू मिश्रा, विपिन त्यागी, सुरेश लोधी, विकास वाल्मीकि, मनोज मिश्रा, ओमकार मौर्य, शिशुपाल, भगवान दास, मनीष सक्सेना, बबलू सक्सेना, सुमित पटेल, डब्बू, भानु प्रताप, धर्मेंद्र कुमार, अनिल राजा, हर्ष ऋषि श्रीवास्तव, नरेंद्र गंगवार, हर प्रसाद, पूर्व प्रधान हीरालाल गंगवार, वेदपाल, नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, नितिन सक्सेना, शिवम गंगवार, अमरीश शर्मा, अंबू शाहिद आदि ने संवेदना व्यक्त कीं।

# अमावस्या पर यजुर्वेद पारायण महायज्ञ संपन्न

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** आर्य समाज द्वारा बढ़ेरा में अमावस्या पर यजुर्वेद पारायण महायज्ञ मंगलवार को संपन्न हुआ। यज्ञ ब्रह्मा रामप्रताप आर्य ने परमात्मा के गुणवाचक नामो की व्याख्या की। कहा कि परमात्मा निराकार, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अन्नत, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वव्यापक, अजर अमर है। यजमान भानुप्रताप आर्य सपत्नीक शामिल हुए रहे। यज्ञ के उपरांत रामचन्द्रलाल आर्य ने कहा कि हमें अपने जीवन में उस ईश्वर को याद करते हुए कार्य करने चाहिए। नरेश आर्य ने भजन के माध्यम से कहा कि हमें यज्ञ जैसे शुभ कर्म करते रहना चाहिए। गौरव आर्य, झांझनलाल आर्य, श्रीराम आर्य, मुरारीलाल आर्य, रामसागर आर्य, बुद्धसेन आर्य, सियाराम आर्य, ओमकार आर्य आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा के बाद बच्चों ने साझा किए अनुभव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद के एकमात्र सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा 27 मार्च तक चलेंगी।

पहले दिन शिक्षक- शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व दही खिलाकर शुभकामनाएं दी। परीक्षा के प्रति उनका मनोबल बढ़ाया, समझाया कि घबराएं नहीं दिमाग को शांत रखे। प्रथम दिन विद्यार्थियों का अंग्रेजी व्याकरण की परीक्षा रही। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्तम प्रदर्शन दिखाया।

मुख्य निरीक्षक अनिल सिंह की देख-रेख में परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा, कि यह हमारे लिए एक गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यालय में सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया है। हमें उम्मीद है कि हमारे छात्र अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परीक्षा समाप्त होने के बाद बच्चों नेविचार साझा किए। प्रधानाचार्या जया घोष, शिक्षक भावेश पांडे, विष्णुप्रिया, अपाला आदि मौजूद रहे।



परीक्षा देकर आते छात्र छात्राएं।

# तस्करी पर कार्रवाई करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की हुई बैठक

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने पास्को समेत गैंगस्टर, महिला/बाल अपराध संबंधी मुकदमों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने एनकार्ड के अंतर्गत समीक्षा करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में मंगलवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में शासकीय अधिवक्तावार अभियोजन वादों का विवरण, गवाहों की स्थिति, सत्र न्यायालय में स्वीकृत/अस्वीकृत जमानतों आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया। अभियोजन संबंधी कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने पास्को, एससी-एसटी एक्ट, गैंगस्टर, बलात्कार, महिला/बाल अपराध संबंधी मुकदमों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि महिला/बाल अपराधों एवं बलात्कार संबंधी प्रकरणों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये। इस दौरान शमन/तामीला संबंधी जानकारी दी गई तथा महिला अपराध में सजा सहित अन्य कार्रवाईयों से अवगत कराया गया। एन कार्ड से संबंधित बैठक में डीएम द्वारा पिछले माह में किए गए कार्यों के समीक्षा की गई। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं आपसी समन्वय स्थापित करअधिक मात्रा में मादक पदार्थ जब्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मेडिकल स्टोरों की आकस्मिक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा युवा मंगल दल के माध्यम से गांव-गांव में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने एवं मुखबिरी तंत्र विकसित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) प्रसून द्विवेदी, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, सीओ दीपक चतुर्वेदी, जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक, ड्रग इंस्पेक्टर नेहा वैश्य आदि मौजूद रहे।

# युवक को हमला कर किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी सकलैन ने बताया कि उसका मोबाइल, 10150 रुपये घर से कुछ लोग चोरी कर ले गए थे। गांव के रेहान वेग , उनकी पत्नी तरशीला ने छोटे खां पुत्र सोहराब खां को चोरी करते देखा था। रुपये मांगने पर छोटे, बबलू, साजिद ने मारपीट की। धारदार चीज से सिर पर वार कर घायल कर दिया।

# प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव में उमड़े साधु-संत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** खमरिया पुल स्थित परम अक्रिय धाम अलखेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में महामंडलेश्वर, संत, महंत शामिल हुए। सनातन धर्म हिंदू राष्ट्र को लेकर भक्ति भाव से लोगों को सराबोर करते हुए राष्ट्र जागरण को जागृत किया गया। बड़ी संख्या में जमा हुए क्षेत्रवासियों ने संतों की वाणी का रसवादन किया। विशाल भंडारा चला और प्रसाद ग्रहण किया गया।



अलखेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव में महामंडलेश्वर, साधु-संत।

कार्यक्रम आयोजक अलखेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की ओर से प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव की समस्त तैयारियां कराई। राजस्थान बागपत हरियाणा ऋषिकेश हरिद्वार आदि से आए महामंडलेश्वर व अन्य संतो सहित पंचायती निर्मल अखाड़ा के महंत को उपहार भेंट कर भोज कराया। पीलीभीत के अलावा हाथरस बाराबंकी बरेली शाहजहांपुर सहित कई अन्य जिलों से भी श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। पंचायती अखाड़ा निर्मल हरिद्वार के महामंडलेश्वर ज्ञान देव सिंह महाराज, उन्नाव के सांसद एवं महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, ऋषिकेश से प्रपन्नाचार्य महाराज स्वामी आलोक हरि महाराज, पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन शिवानंद महाराज, महंत लक्ष्मण सिंह महाराज, जोधपुर राजस्थान से ज्ञान स्वरूपानंद महाराज, हरि चेतनानंद महाराज, हरिपुर हरिद्वार से बागपत से भइयादास महाराज, हरियाणा से दयानंद सरस्वती महाराज, परम अक्रिय धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। महंत ज्ञानदीप महाराज और सांसद स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने कहा कि परम अक्रिय धाम अलखेश्वर महादेव मंदिर आने वाले समय में पीलीभीत की विशिष्ट पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मंदिर निर्माण जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र समाज को नई दिशा देते हैं। स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि यह निर्माण उसी संकल्प का उदाहरण है। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र सिंह और सुकृति माधव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

- क्षेत्रवासियों ने संतों की वाणी का रसवादन किया


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से, 129 केंद्र, 92930 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

## हाईस्कूल के 50,188 और इंटरमीडिएट के 42,472 परीक्षार्थी होंगे शामिल, सुरक्षा व्यवस्था व्यापक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। जिले में 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यूपी बोर्ड की परीक्षा में कुल 92,930 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें हाईस्कूल के 50,188 और इंटरमीडिएट के 42,472 परीक्षार्थी हैं।

पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में हिंदी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक और दो बजे से शाम 5.15 बजे तक परीक्षाएं होंगी। वहीं, डीआईओएस कार्यालय में बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए आठ एलसीडी लगाकर मॉनीटरिंग सेल बनाया गया है। यहां से एक क्लिक कर मंडल के किसी भी जिले के किसी भी बोर्ड परीक्षा केंद्र को देखा जा सकेगा।


गोला के कॉलेज में सूचना पट पर अपना रोल नंबर और कक्ष क्रमांक देखते परीक्षार्थी।


डीआईओएस कार्यालय में बोर्ड परीक्षा मॉनीटरिंग के लिए बनाया गया मॉनीटरिंग सेल।

हाईस्कूल में कुल 50,188 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें 28,221 छात्र व 21,967 बालिकाएं शामिल हैं। वहीं इंटरमीडिएट में 42,472 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 24189 छात्र एवं 18,853 छात्राएं शामिल हैं। जिले में कुल छात्रों की संख्या 52,188 व छात्राओं की संख्या 42,742 दर्ज की गई है।

परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई हैद्ध जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से परीक्षा की निगरानी की जाएगी।

प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉक प्रणाली लागू की गई है। स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखा गया है और 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के दौरान सचल दल भी सक्रिय रहेगा। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

> "बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी व वॉयस रिकॉर्डर युक्त कैमरे लगाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी शांत मन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। **–विनोद कुमार मिश्र**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

### परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉकर

यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉकर की व्यवस्था कराई गई है। परीक्षा संचालन के लिए केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षकों एवं फ्लाइंग एस्कॉट की तैनाती की गई है।

### कृषक समाज इंटर कॉलेज बना सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर में बने सात परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। 1755 परीक्षार्थियों की संख्या वाला कृषक समाज इंटर कॉलेज नगर का सबसे बड़ा केंद्र बनाया गया है। इस वर्ष नगर में लखीमपुर रोड पर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, मोहम्मदी रोड पर गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोला पब्लिक इंटर कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज और मिल रोड पर गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 6100 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी कक्ष निरीक्षकों ने अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर जाकर आमद दर्ज करा दी है। विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत कर दिए गए हैं, जिनमें उनकी पाली, विषय, दिनांक और दिन अंकित है। बोर्ड के निर्देशानुसार सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर 20 मिनट पूर्व पहुंचने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### रैन बसेरा में बोर्ड परीक्षार्थियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क

**गोला गोकर्णनाथ।** यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के ठहरने व भोजन की नि :शुल्क व्यवस्था नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने की है। पालिकाध्यक्ष ने मंगलवार को यहां की व्यवस्थाएं देखीं और कहा कि नगर में रुकने और खाने–पीने की कोई दिक्कत न हो उसके लिए नगर पालिका परिषद की ओर से नीलकंठ मैदान स्थित रैन बसेरा में व्यवस्था की गई है। बताया कि परीक्षार्थियों के लिए इस वर्ष भी नीलकंठ मैदान के रैन बसेरे में यह व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र दिखाकर ही रहने दिया जाएगा। उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लापता बच्चा बरामद कर मां-बाप को सौंपा

**भीरा, अमृत विचार :** पलिया के मोहल्ला रंगरेजान निवासी इमामू अपनी पत्नी मेहताब के साथ भीरा के मोहल्ला रेलवे लाइन पार सलामत नगर आया था। सोमवार को उसका तीन वर्षीय पुत्र खेलते समय अचानक लापता हो गया।सूचना पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। शाम को पिपरिया के ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार को एक बच्चा रेलवे लाइन के पास रोता हुआ मिला। वह उसे भीरा थाने ले गए। थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने परिजनों को बुलाकर बच्चे को सुपुर्द कर दिया।

### सरसों की फसल जोतने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गांव हंडेला निवासी हरप्रीत कौर पत्नी स्व. दिलबाग सिंह ने बताया कि वह अपने नाबालिक पुत्र हरमनजीत सिंह के साथ घर पर रहती है।जिसका फायदा उठाकर 13 फरवरी की रात को विपंक्षी धर्मेन्द्र सिंह ने करीब चार बीघा सरसों की हरी भरी फसल को जोतकर खेत पर कब्जा कर लिया है। जब सुबह वह खेत पहुंची तो देखा कि उसकी फसल नष्ट हो चुकी है। जब वह धर्मेन्द्र के घर गई तो धर्मेन्द्र व उनके अन्य साथियों ने धमकी देते हुए कहा कि जो करना हो कर लो तुम्हारी फसल हमने जोती है। पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### नाई समाज ने कर्पूरी ठाकुर को किया याद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** भारतीय नाई समाज उत्तर प्रदेश ने विलोबी मेमोरियल हाल में एक बैठक की और कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शिव पूजन सेन, जिलाध्यक्ष पंकज ठाकुर, राजेश शर्मा, राजेश ठाकुर, महेश ठाकुर, प्रकाश चंद्र शर्मा, ज्ञानेश शर्मा आदि मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक गंभीर, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव जम्हौरा निवासी अजय (28) पुत्र संतराम ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में सीएचसी भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विद्यार्थियों को क्विज स्पर्धा में भाग लेने को किया प्रेरित


गोला के सीजीएन पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रेरित करते प्राध्यापक।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- सीजीएन पीजी कॉलेज में प्राध्यापकों ने दिया जोर

**अमृत विचार:** सीजीएन पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को एकीकृत राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रेरित किया गया है।

महाविद्यालय के नेहरू सभागार एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय बजट-2026 पर आधारित माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 पहल के अन्तर्गत यूनियन बजट की जन समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से एकीकृत राष्ट्रीय ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महाविद्यालय के छात्रों को प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने बजट के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए इस क्विज में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल, डॉ अमित कुमार यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को क्विज में सहभागिता करने पर जोर दिया।

## कोर्ट पहुंचे वादकारियों का रजिस्टर पर दर्ज किया ब्योरा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** न्यायालय परिसर में मंगलवार को दूसरे दिन भी पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने कोर्ट आए वादकारियों का नाम पता व मोबाइल नंबर रजिस्टर पर दर्ज किया।

अचानक कोर्ट परिसर में इस तरह की सख्ती को देखकर वादकारी सहमे रहे। वहीं पुलिस कर्मियों ने वादकारियों के सामान की तलाशी लेकर उन्हें संदिग्ध वस्तु दिखने पर पुलिस को सूचित करने के लिए जागरूक किया। सोमवार की तरह मंगलवार को भी जिला प्रशासन के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने न्यायालय परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाकर कोर्ट आने वालों के नाम पता व मोबाइल नंबर रजिस्टर पर नोट किया। इस दौरान उनके सामान आदि की तलाशी ली। न्यायालय सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा को लेकर कोर्ट परिसर में चेकिंग अभियान चलाकर आने वाले लोगों का ब्यौरा रजिस्टर पर दर्ज किया गया है। कोई खास बात नहीं थी।

# सीबीएसई हाईस्कूल गणित की परीक्षा संपन्न


शहर के कॉलेज में परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


परीक्षा देने के बाद प्रश्नपत्र से मिलान करतीं छात्राएं ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 42 ने छोड़ी परीक्षा, 4105 में से 4063 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की चल रही बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में मंगलवार को जिले में हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित की गई। निर्धारित समयानुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मंगलवार को गणित विषय का प्रश्नपत्र था, जिसे लेकर परीक्षार्थियों में विशेष उत्साह और हल्का तनाव दोनों देखने को मिला।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल के कुल 4105 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4063 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थिति प्रतिशत संतोषजनक रहा और अधिकांश केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की जांच की गई और निर्धारित समय के बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। प्रश्नपत्र वितरण और उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन की प्रक्रिया भी तय मानकों के अनुसार पूरी की गई।

गणित का प्रश्नपत्र समाप्त होने के बाद कई परीक्षार्थियों ने पेपर को संतुलित बताया। कुछ छात्रों के अनुसार प्रश्नपत्र में अवधारणात्मक प्रश्नों की संख्या अधिक थी, जबकि अभ्यास आधारित प्रश्न भी शामिल रहे। कुल मिलाकर मंगलवार को आयोजित हाईस्कूल गणित परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई।

अब परीक्षार्थियों की नजर आगामी विषयों की परीक्षाओं पर टिकी है।

### सीबीएसई बोर्ड के दो परीक्षा केंद्रों पर 720 परीक्षार्थी हुए परीक्षा में शामिल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर में बने दो परीक्षा केंद्रों पर 720 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। निघासन रोड पर स्थित दून इंटरनेशनल स्कूल, सोनिया इंटर कॉलेज संपूर्णानगर, एबलान पब्लिक स्कूल निघासन, ग्लोबल पब्लिक स्कूल भीरा, केंद्रीय विद्यालय एसएसबी कैंपस व शेष चंदन चौकी क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। नगर की संपूर्णानगर रोड पर स्थित गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम महेंद्रु ने बताया कि उनके विद्यालय में क्षेत्र के तीन विद्यालयों के 340 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमें गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल मंहगापुर, दून इंटरनेशनल स्कूल पलिया एवं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मुरार खेड़ा, संपूर्णानगर के बच्चे परीक्षा दे रहे हैं। जबकि उनके गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्र एबलान पब्लिक स्कूल निघासन में परीक्षा दे रहे हैं।

# प्रशिक्षण कार्यशालाएं कार्यकर्ता को निखारने का माध्यम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


कार्यशाला को संबोधित करते वासुदेव मौर्य।

- भाजपा की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले-वासुदेव

**अमृत विचार:** पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं भाजपा के जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने कहा कि कार्यकर्ता रूपी कच्चे पत्थर को निखारने का सशक्त माध्यम प्रशिक्षण कार्यशालाएं हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यकर्ता पार्टी और समाज में प्रभावी ढंग से कार्य करने में निपुण होता है।

जिला प्रभारी मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा-अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण की प्रक्रिया निचले स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक निरंतर चलती रहती है। भाजपा मूल्य-आधारित राजनीति करती है और राष्ट्रवाद के आधार पर सबका साथ, सबका सम्मान के भाव से आगे बढ़ती है।

प्रशिक्षण वह सेतु है जो कार्यकर्ता और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करता है, जिससे कार्यकर्ता जनसमस्याओं को कुशलता से समाधान की दिशा में कार्य करता है। आवश्यकता पड़ने पर उच्च पदाधिकारियों से संवाद करने में भी संकोच नहीं होना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से पार्टी का प्राणतत्व बताया। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता-आधारित दल है, जो कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और क्षमता-विकास के लिए निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।


प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अंत में विधानसभा-वार बैठकों का आयोजन कर विधानसभा स्तर के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्वों और कार्यों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने बताया कि मंडल स्तर पर 24 घंटे की प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला में महिला आयोग की सदस्य सुजीत कुमारी, पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, लखीमपुर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, महामंत्री विनोद लोधी, आशू मिश्रा, जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, संयोजक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अलियापुर संपर्क मार्ग का विधानसभा में गूंजा मुद्दा

**मैगलगंज, अमृत विचार:** ब्लाक पसगवां के चपरतला अंडरपास से बाबे के स्कूल होते हुए अलियापुर तिराहा तक संपर्क मार्ग को लेकर क्षेत्र के गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर ने इस विषय को उठाया। इसके बाद चीनी मिल डीसीएम अजबापुर ने विशेष पैरवी भी की। डीसीएम प्रबंधक जनसंपर्क दीपक मिल्टन के प्रयासों के बाद लोक निर्माण विभाग ने सड़क का सर्वे कर सड़क का आगणन बनाकर शासन को भेज दिया, लेकिन सड़क निर्माण नहीं हुआ। विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने सदन में प्रमुख सचिव विधान परिषद को समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण हो जाने से यात्रियों को सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। प्रतिदिन 3 से 4 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी भी तय करनी नहीं पड़ेगी।

# 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, दोनों सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ब्रीच प्रेजेंटेशन और न्यूकल कॉर्ड जैसी कठिन स्थिति में दिखाई सूझबूझ

**अमृत विचार:** आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता से 108 एम्बुलेंस में ही एक हाई रिस्क डिलीवरी को अंजाम दिया गया। ईएमटी की सूझबूझ और पेशेवर दक्षता से जच्चा और नवजात दोनों की जान सुरक्षित बचाई जा सकी।

थाना मैगलगंज के गांव महुआ ढाब निवासी खुशबू (20) पत्नी शोभित सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उनकी स्थिति अचानक गंभीर हो गई। तेज लेबर पेन के साथ ब्रीच प्रेजेंटेशन (बच्चे की उल्टी स्थिति) और न्यूकल कॉर्ड (गर्भनाल का बच्चे की गर्दन में लिपटना) जैसी जटिल परिस्थिति के कारण मामला अत्यंत संवेदनशील हो गया। स्थिति की नाजुकता को समझते हुए ईएमटी रविंद्र कुमार ने एम्बुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रोका और तत्काल इमरजेंसी डिलीवरी की प्रक्रिया शुरू की। डॉ. सत्य से रियल टाइम ऑनलाइन मेडिकल गाइडेंस प्राप्त करते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल और पूर्ण एसेप्टिक तकनीक का पालन किया गया। उनकी तत्परता और अनुभव के चलते नवजात की सुरक्षित डिलीवरी संभव हो सकी। डिलीवरी के बाद मां और शिशु दोनों को स्टेबलाइज कर सीएचसी मैगलगंज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को स्वस्थ बताया है।


सुरक्षित डिलीवरी के बाद एंबुलेंस में जच्चा–बच्चा।

परिजनों और अस्पताल स्टाफ ने 108 एम्बुलेंस टीम के कार्य की सराहना की। बता दें कि ईएमटी रविंद्र कुमार इससे पूर्व भी कई गंभीर मामलों में उत्कृष्ट प्री-हॉस्पिटल केयर प्रदान कर जीवन बचा चुके हैं। उनके समर्पण और सेवा भाव को देखते हुए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है।

# विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के चार परिषदीय स्कूलों का डीएम ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


परिषदीय विद्यालय में बच्चों से बात करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

- कम उपस्थिति पर लगाई फटकार, बेहतर प्रदर्शन पर प्रशंसा पत्र के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। डीएम प्राथमिक विद्यालय कुंवरापुर से लेकर संविलियन विद्यालय सांडा, प्राथमिक विद्यालय सकरन, सैदापुर और आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर व हजरतपुर में पढ़ाई, साफ-सफाई, उपस्थिति और व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की।

कुंवरापुर में डीएम ने उपस्थिति पंजिका खुद चेक कर बच्चों की गिनती करवाई। हैंडवॉश यूनिट, शौचालय की स्थिति और दूध-फल वितरण की हकीकत जानी। बच्चों से सवाल पूछकर उनका अधिगम स्तर परखा और स्पष्ट कहा कि रीडिंग स्किल मजबूत होगी तो नींव मजबूत होगी। संविलियन विद्यालय सांडा में स्मार्ट क्लास की हकीकत देखी, मिड-डे मील की गुणवत्ता जांची और कक्षा चार की छात्रा सौम्या से गणित के सवाल हल करवाए। बेहतर शिक्षण व्यवस्था पर प्रधानाध्यापिका सुषमा देवी को प्रशंसा पत्र देने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर में पोषण ट्रैकर एप की प्रविष्टियां क्रॉस चेक कीं।

प्राथमिक विद्यालय सकरन में 154 के सापेक्ष महज 64 बच्चे उपस्थित मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि सर्वाधिक उपस्थिति वाले 10 बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित करें और कम उपस्थिति वाले बच्चों के घर-घर जाकर संपर्क करें। बीएसए को पूरे जनपद में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय सैदापुर में कक्षा दो और तीन के बच्चों के अधिगम स्तर का जायजा लिया। बच्चों का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर पर न होने पर डीएम ने तत्काल कदम उठाते हुए हेडमास्टर आयशा और शिक्षिका मंजू से स्पष्टीकरण तलब किया।

डीएम ने स्पष्ट किया कि बच्चों की पढ़ाई और अधिगम स्तर में कोई भी कमी प्रशासन के लिए गंभीर है। उन्होंने हेडमास्टर और शिक्षिका को निर्देश दिए कि बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए त्वरित और ठोस उपाय किए जाएं। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और शिक्षण विधियों में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने का भी आदेश दिया।

### डीएम की पहल पर अभिभावक संग संवाद आज

डीएम के निर्देश पर 18 फरवरी को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में विशेष अभिभावक बैठक आयोजित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना और शिक्षा की गुणवत्ता को नई गति देना है। बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 10 छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा, जबकि कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प दिलाया जाएगा। ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में उत्कृष्ट अभिभावकों का सम्मान कर शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने की तैयारी है। स्कूल–परिवार समन्वय से ही बेहतर परिणाम संभव हैं और प्रत्येक बच्चे की नियमित उपस्थिति सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# पीयूष बने डायलिसिस के स्टार टेक्नीशियन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गुर्दा फेल्योर से जूझ रहे रोगियों की ठिठकती व संघर्षों भरी जिंदगी को स्थिरता, संबल और आशा देने वाली डायलिसिस संस्था डीसीडीसी किडनी केयर ने लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, पीलीभीत सहित 11 डायलिसिस केंद्रों पर कार्यरत सैकड़ों कुशल टेक्नीशियनों में से दो उत्कृष्ट कर्मयोगियों को स्टार टेक्नीशियन के खिताब से सम्मानित किया है।

डीसीडीसी किडनी केयर के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद रजा ने लखीमपुर खीरी डायलिसिस सेंटर के वरिष्ठ टेक्नीशियन पीयूष त्रिपाठी को स्टार टेक्नीशियन अवॉर्ड दिया। पीयूष त्रिपाठी 16 वर्षों से लखनऊ, गोंडा सहित विभिन्न हिस्सों में सेवा देते हुए हजारों मरीजों के जीवन में आशा की किरण बन चुके हैं। पीलीभीत डायलिसिस सेंटर के टेक्नीशियन को भी इसी सम्मान से सम्मानित किया। लखीमपुर डायलिसिस सेंटर मैनेजर ओम शर्मा, टेक्नीशियन धर्मेंद्र गुप्ता, शुभम वर्मा, तौफीक अहमद, विवेक, नंदिनी, शिवानी वर्मा, प्रिया वर्मा, वार्ड बॉय निधि, चंदा ने बधाई दी।


सम्मान लेते पीयूष त्रिपाठी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# परिणाम घोषित होते ही तहसील में विजयी प्रत्याशियों ने मनाया जश्न

## सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में रामकुमार निर्विरोध, मंत्री पद पर संदीप विजयी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में जश्न मनाते हुए विजयी प्रत्याशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सेंट्रल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मतदान के बाद हुई मतगणना में विभिन्न पदों के परिणाम घोषित कर रामकुमार गौतम को निर्विरोध अध्यक्ष और संदीप अवस्थी को महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जश्न मनाया।

सेंट्रल बॉर एसोसियेशन के चुनाव में जांच के बाद अध्यक्ष पद पर रामकुमार गौतम का एकल नामांकन रह जाने से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य पदों के लिये मंगलवार को गहमागहमी के बीच हुए मतदान के बाद मतगणना में उपाध्यक्ष पद के लिए राजीव मिश्रा को 150 मत प्राप्त हुए, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज खन्ना को 90 मत मिले, दो मत अवैध पाए गए। इस प्रकार राजीव कुमार मिश्रा विजयी घोषित किए गए।

- **मतदान के बाद हुई मतगणना में विभिन्न पदों के परिणाम घोषित**
- **एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हो गया सम्पन्न**

महामंत्री पद पर संदीप अवस्थी को 149 मत प्राप्त हुए, जबकि जितेन्द्र को 93 मत मिले और एक मत अवैध रहा। संदीप अवस्थी 56 मतों के अंतर से विजयी रहे। संयुक्त मंत्री पद पर जगवीर सिंह भदौरिया को 171 मत प्राप्त हुए, जबकि नवीन श्रीवास्तव को 71 मत मिले। जगवीर सिंह ने 100 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा। सुरेंद्र को 39, गौरव झा को 76 और वीरेंद्र कुमार को 127 मत प्राप्त हुए, जबकि एक मत अवैध रहा। वीरेंद्र कुमार ने 51 मतों के अंतर से जीत हासिल की। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों का समर्थकों ने स्वागत किया। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी लालबिहारी वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से कराया गया। परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जश्न मनाया।

# लंबित राजस्व वादों का शीघ्र करें निस्तारण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व मामलों का निस्तारण पारदर्शिता, गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा में किया जाए। लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समीक्षा में उन्होंने उत्तराधिकार, नामांतरण, और सीमांकन से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने पर जोर दिया। किसी भी वाद में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तिथि निर्धारण एवं सुनवाई की प्रक्रिया नियमित और व्यवस्थित रूप से संचालित हो। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली सीधे तौर पर जनता के विश्वास से जुड़ी है, इसलिए पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार रहे।

# शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन, पूजन



छोटी काशी के पौराणिक मंदिर में शिवलिंग के दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** अमावस्या पर मंगलवार को पौराणिक शिव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक किया और तीर्थ सरोवर के पास बैठे पुरोहितों के पास हवन, पूजन कर भगवान श्री सत्यनारायण की कथा सुनी और दान पुण्य किया।

मंगलवार को पौराणिक शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का बिल्व पत्र, भांग, धतूरा, गंगाजल, दुग्ध, शहद से अभिषेक कर घर परिवार के लिए सुख, समृद्धि की मंगल कामना की। तीर्थ पर मौजूद पंडित शिवम मिश्रा ने बताया कि अमावस्या के दिन भगवान भोलेनाथ का पूजन, जलाभिषेक करने से कुंडली के ग्रह दोष कम होते हैं और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। शिव-पार्वती की विधि विधान से पूजा करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम और घर में सुख-समृद्धि आती है।

# आयोजन प्रतिभा निखारने का देते अवसर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



छात्र छात्राओं से मॉडल के बारे में जानकारी लेते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के लॉ मटीना स्कूल में मंगलवार को एडूफेस्ट कॉर्निवॉल का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। रंग-बिरंगी सजावट और बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सव स्थल में बदल दिया। कार्यक्रम का आरंभ वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता एवं वॉयस चेयरमैन अनस रशीद तथा प्रबंधक असद रशीद ने फीता काटकर किया।

वॉयस चेयरमैन अनस रशीद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देते हैं। प्रबंधक असद रशीद ने विद्यालय के बहुमुखी विकास के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि बच्चों की छिपी क्षमताओं को मंच देना ही संस्था का उद्देश्य है। कॉर्निवॉल में छात्र-छात्राओं ने गणित, विज्ञान और कम्प्यूटर विषयों पर आधारित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए और आगंतुकों को उनकी कार्यप्रणाली समझाई। खेल स्टॉलों में मेज ऑफ मूव्स, मेमोरी गेम, पिन द विन, हिट द टार्गेट और पॉप अ बलून ने बच्चों और अभिभावकों को खूब आकर्षित किया। सेल्फी पॉइंट और डूडल आर्ट ने कार्यक्रम में रचनात्मक रंग भरे, जबकि शहर के प्रतिष्ठानों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉलों ने उत्सव का आनंद दोगुना कर दिया।

- **एडूफेस्ट कॉर्निवॉल में विज्ञान, खेल और रचनात्मकता का दिखा उत्सव**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एस्ट्रो पाठशाला रही, जिसके अंतर्गत चार रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किए गए। रॉकेट लॉन्च होते ही तालियों की गूंज से परिसर गूंज उठा। देर शाम तक चले इस आयोजन में अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक और विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# सरैया बरतेर में दो पक्षों में मारपीट


**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना खीरी क्षेत्र के सरैया मजरा बरतेर निवासी गोमती ने बताया कि दोपहर वह तालाब के पास मिट्टी लेने गई थी।

आरोप है कि वहां गांव के ही आकाश, छबिले, मुलायम व भारत पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। शोर सुनकर उनके चाचा संजय कुमार व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उधर दूसरे पक्ष के मुन्ना ने भी तहरीर दी।

उनके अनुसार घर के सामने विपक्षी संजय, मनमोहन, सरवन और नितिन कूड़ा डाल रहे थे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उनके मुंह पर चोट आई और खून निकल आया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क किनारे गन्ने के खेत के पास बाघ ने किया गाय का शिकार, वीडियो वायरल

संवाददाता, संपूर्णानगर



गाय को मारकर कुछ दूरी पर बैठा बाघ। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्र में एक बार फिर बाघ की आमद से दहशत का माहौल बन गया है। संपूर्णानगर वन रेंज के तहत हजार क्षेत्र के रामनगर रोड पर भरतपुर के निकट सड़क किनारे स्थित गन्ने के खेत से निकले बाघ ने एक गाय को अपना शिकार बना लिया। बताया जा रहा है कि बाघ शिकार को खेत के बाहर सड़क किनारे लेकर बैठा रहा, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। कई लोगों ने बाघ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सड़क से सटे खेत में बाघ के बैठे होने के कारण यातायात भी प्रभावित रहा और आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। संपूर्णानगर के वन क्षेत्राधिकारी ललित कुमार ने बताया कि बाघ द्वारा एक गाय का शिकार किए जाने की पुष्टि हुई है।

बाघ की निगरानी के लिए वनकर्मियों की टीम तैनात कर दी गई है तथा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पिछले कई महीनों से क्षेत्र में बाघ की चहल-कदमी बनी हुई है। वन विभाग ने कई बार पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। लगातार हो रही गतिविधियों के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे खेतों की ओर अकेले न जाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें।

# हाईस्कूल के परीक्षार्थियों को मिला शंकाओं का समाधान

संवाददाता, लखीमपुर खीरी




हेल्पलाइन के माध्यम से परीक्षार्थियों की शंकाओं का समाधान करते विशेषज्ञ।

**अमृत विचारः** संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय, लखनऊ मंडल में यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षार्थियों के लिए आयोजित विज्ञान चेतना हेल्पलाइन सेवा के अंतर्गत मंगलवार को विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने किया, जबकि निर्देशन मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार द्वारा किया गया।

दोपहर 3:30 बजे से 5:30 बजे तक संचालित हेल्पलाइन में लखनऊ मण्डल के छह जिलों लखीमपुर खीरी, लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली एवं सीतापुर से विद्यार्थियों ने फोन कर विज्ञान विषय से जुड़े प्रश्न पूछे। विषय विशेषज्ञों की टीम ने पाठ्यक्रम, संख्यात्मक प्रश्नों, आरेख आधारित सवालों तथा परीक्षा में उत्तर लिखने की सही पद्धति पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। हेल्पलाइन के दौरान छात्रों को समय प्रबंधन, महत्वपूर्ण टॉपिक की पुनरावृत्ति और उत्तर पुस्तिका में प्रस्तुतीकरण के संबंध में भी उपयोगी सुझाव दिए गए।

- **विज्ञान चेतना हेल्पलाइन कर रही परीक्षार्थियों की मदद**

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न शंकाओं का निराकरण कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। उन्होंने बताया खीरी जिले से कई बच्चों की कॉल पहुंची जिनकी परीक्षा संबंधी शंकाओं को दूर किया गया। उन्होंने बुधवार से शुरू हो रही परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में बैठने की बात कही।

### विषय विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण सलाह

हेल्पलाइन में विशेषज्ञों ने परीक्षा की अंतिम तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रसायन विज्ञान में रासायनिक अभिक्रियाएं व समीकरण लिखकर अभ्यास करने की सलाह दी गई। भौतिक विज्ञान में न्यूमेरिकल प्रश्नों को सही सूत्र और यूनिट के साथ हल करने पर बल दिया गया। जीव विज्ञान में आरेखों की साफ-सुथरी लेबलिंग को अंक प्राप्ति का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। अंग्रेजी में ग्रामर के नियम समझकर अभ्यास करने और उत्तर संक्षिप्त व सटीक लिखने की सलाह दी गई। गणित में एनसीईआरटी पर फोकस करते हुए नियमित अभ्यास और पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने की आवश्यकता बताई गई।

### किस जिले से कितनी कॉल

विज्ञान चेतना हेल्पलाइन में लखनऊ मंडल के छह जिलों से सर्वाधिक सहभागिता देखने को मिली। सबसे अधिक लगभग 20-20 कॉल लखनऊ और खीरी से प्राप्त हुए। करीब 12 से 15 कॉल सीतापुर और हरदोई से आए। इसके अतिरिक्त रायबरेली और उन्नाव के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं रखीं। मंडल के बाहर सुल्तानपुर, बलरामपुर और शाहजहांपुर सहित अन्य जनपदों से भी विद्यार्थियों ने संपर्क किया।

# शिवोत्सव के चलते प्रभावित रहेगा गोकर्ण तीर्थ का कार्य

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्यों में 22 फरवरी को शिवोत्सव कार्यक्रम के चलते गोकर्ण तीर्थ का कार्य प्रभावित रहेगा। पौराणिक शिव मंदिर के सामने परिक्रमा पथ के स्तंभों पर पत्थर लगाने का कार्य, गोकर्ण तीर्थ के दक्षिण और पूरब यात्री हाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें द्वितीय तल के लिए छत डालने के लिए शटरिंग बिछाई जा रही है।

गोकर्ण तीर्थ में छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर आधारशिला की पहली वर्षगांठ पर 22 फरवरी रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसके चलते महाशिवरात्रि पर्व पर तीर्थ में जल नहीं भरा जा सका। गोकर्ण तीर्थ की साफ सफाई और कार्यक्रम की तैयारी के लिए समतलीकरण और अस्थाई रास्ता के लिए ईंटे बिछाई गई हैं ताकि कार्यक्रम में आने वाले लोग आसानी से गोकर्ण तीर्थ में होने वाले कार्यक्रम में पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सके। 22 फरवरी रविवार को सुबह नगर के प्रमुख मार्गों पर पारंपरिक वेशभूषा में पालकी यात्रा निकाली जाएगी। शाम को तीर्थ परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसकी तैयारियां जोरों पर है।

- **यात्री विश्राम हाल, परिक्रमा पथ के स्तंभों पर पत्थर लगाने का कार्य जारी**

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सम्मान समारोह संपन्न

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचारः** देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह सत्यम पब्लिक स्कूल मितौली में आयोजित किया गया।

यह परीक्षा अखिल विश्व गायत्री परिवार मितौली के तत्वावधान में 7 नवम्बर 2025 को जिले के विभिन्न विद्यालयों में कराई गई थी, जिसमें कक्षा 5 से 12 तक के हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा व मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रशिक्षित आचार्य अमरपाल ने मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ कराया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आरके सिंह, लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री, सुधाकर मिश्रा बराती लाल गोमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर मितौली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. रामरखन पाल सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य अमरपाल ने किया।

# कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, लखनऊ जाने से रोका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



घर के बाहर पुलिस के घेरे में जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती। ● अमृत विचार



पुलिस के घेरे में जिला महासचिव देवेंद्र कुमार पंकज व अन्य कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व द्वारा मंगलवार को लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर जिले में भी प्रशासन अलर्ट रहा। सोमवार देर रात से ही पुलिस सक्रिय हो गई और कई कांग्रेस पदाधिकारियों को उनके घरों पर ही नजरबंद कर दिया गया।

सदर कोतवाली पुलिस ने रात करीब 11 बजे से जिला उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी मोहन चंद्र उप्रेती और जिला महासचिव देवेंद्र कुमार पंकज समेत कई पदाधिकारियों को उनके घर पर ही नजरबंद कर लिया। बड़ी संख्या में पुलिस उनके घर के बाहर मंगलवार सुबह 11 बजे तक तैनात रही।

कांग्रेस जिला महासचिव देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि मनरेगा कानून समाप्त करने के विरोध में मंगलवार को राजधानी लखनऊ में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव में जाने से रोकने के लिए पूरे प्रदेश में जगह जगह कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें तानाशाह हो गई हैं। न तो सदन में बोलने देंगे और न ही सड़क पर, लेकिन भारत लोकतांत्रिक देश है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में सत्ता की इस तानाशाही का मुंहतोड़ जवाब उत्तर प्रदेश के मनरेगा मजदूर भाजपा सरकार की विदाई करके देंगे।

- **विधानसभा घेराव को लेकर घरों पर तैनात रही पुलिस, नहीं निकलने दिया बाहर**

उन्होंने कहा भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है भाजपा बौखला गई है। जिस सरकार के आने पर गरीबों के घर उजड़े और जाति के नाम पर नफरत पले सड़के सालों तक अधूरी रहें, महिला की सुरक्षा सवाल बन जाए। जिला सचिव कामिल उस्मानी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों का दमन कर रही है मनरेगा जो गरीबों का रोजगार था उसे खत्म कर दिया है। कांग्रेस पार्टी उसे बहाल करा कर मानेगी। जिला उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी मोहन चंद्र उप्रेती ने बताया कि विधानसभा घेराव में न जाने देने के लिए जिला प्रशासन ने उन्हें 21 घंटे तक होम अरेस्ट किया।

## घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़

**बेहजम, अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव बेहटा में देर रात घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेहटा निवासी मंजू देवी ने बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 10 बजे गांव के ही अनिल, अमरीश, विनय, अनिल, अमर सिंह और रामसिंह उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर रामलाल, रामखेलावन और लवकुश बीच बचाव के लिए पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घरेलू सामान तोड़फोड़ करने, बाल पकड़कर जमीन पर पटकने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और परिवार को लगातार खतरा बना हुआ है। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसआई सिद्धांत पवार ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# 7 साल की बच्ची से छेड़छाड़ पर भड़के लोग

### थाना घेरा, बवाल बढ़ता देख जागी पुलिस, आनन-फानन में दर्ज की रिपोर्ट, दुकान पर चलाया बुलडोजर

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** अपराधों को छुपाने में माहिर स्थानीय पुलिस की सोमवार की रात उस समय जमकर किरकिरी हुई, जब एक 7 साल की बच्ची से दूसरे समुदाय के युवक के छेड़छाड़ करने के मामले में कार्रवाई न करने के विरोध में तमाम लोग थाने पहुंच गए और घेराव कर प्रदर्शन करने लगे। हालांकि पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन बात बनते न देख पुलिस बैक फुट पर आ गई और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मंगलवार को भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ प्रशासनिक टीम जिस नाई की दुकान पर आरोपी काम करता था, वहां पहुंची और बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ढहाया।

मोहल्ला इकराम नगर निवासी सद्दाम एक नाई की दुकान पर काम करता था। उसने पड़ोस की एक सात साल की बच्ची को बहला फुसला लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की।



अवैध अतिक्रमण को ढहाती जेसीबी। ● अमृत विचार



पुलिस गिरफ्त में गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

- दो समुदायों के बीच का मामला होने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया
- प्रदर्शन के बाद पुलिस बैक फुट पर आई, रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को दबोचा

बच्ची ने जब इस बात की जानकारी अपनी मां को दी तो परिवार के लोगों के होश उड़ गए। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज न कर घटनाओं को छुपाने में माहिर पुलिस ने इस मामले में भी फार्मूला अजमाया। दो समुदायों के बीच का मामला होने के बाद भी पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। महज आश्वासन देकर परिवार वालों को थाने से चलता कर दिया।

इस बात की जानकारी नगर के लोगों को हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया। सोमवार देर शाम बड़ी संख्या में लोग थाना पहुंच गए और घेराव कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इससे पुलिस में हड़कंप मच गया। हालांकि एसओ पंकज त्रिपाठी ने उग्र लोगों को समझाने की कोशिश की और कार्रवाई का भरोसा दिलाया, लेकिन लोग नहीं माने। वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी करने और बुलडोजर चलाने की मांग पर अड़ गए। बवाल बढ़ता देख पुलिस बैक फुट पर आ गई।

पुलिस ने आनन-फानन में तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत रिपोर्ट दर्ज की और दबिश देकर आधी रात के बाद आरोपी सद्दाम को दबोच लिया। तब जाकर लोग शांत हुए। मंगलवार को प्रशासनिक अमला भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर उस नाई की दुकान पर पहुंचा, जहां पर आरोपी काम करता था। पुलिस और प्रशासन की टीम ने बुलडोजर चलवा कर किया गया अवैध अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने चालान कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया था, जहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले की विवेचना जारी है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर महिला की मौत

संवाददाता, फरधान

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने घर के सामने बैठी एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया।

थाना फरधान क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी उर्मिला देवी (45) सोमवार को अपने घर के पास स्थित किराने की दुकान के सामने बैठी थीं। तभी सैदापुर गांव की ओर से मिट्टी भरकर जीएन ईंट भट्ठे पर जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अनियंत्रित होकर उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की चीख-पुकार

- अवैध खनन की मिट्टी से भरी थी ट्रॉली, चालक वाहन छोड़कर फरार

सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उधर मौके की नजाकत देखते हुए चालक वाहन को छोड़कर भाग निकला।

हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही थाना फरधान थानाध्यक्ष दिलीप कुमार चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध खनन और तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला मठिया कॉलोनी निवासी गीता दीक्षित को मोहल्ले के युवक ने पीटकर घायल कर दिया। बताते हैं कि आरोपी का मोहल्ले में आतंक है। वह आए दिन लोगों को मारता पीटा है। उसके डर से लोग घर से बाहर नहीं निकलते हैं। दो दिन पूर्व भी एक महिला को पीटकर घायल कर दिया था। लोगों ने आरोपी के खिलाफ थाना पर शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पंखे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की औरंगाबाद पुलिस चौकी के गांव दीक्षितपुर में 50 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर पंखे से लटका बरामद हुआ है। मृतका के पति ने अपने ही बेटे पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगााय है, हालांकि अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव दीक्षितपुर निवासी उर्मिला (50) पत्नी रमेश का शव मंगलवार की सुबह घर के अंदर पंखे से लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग भी



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। ● अमृत विचार

- मृतका के पति ने अपने बेटे पर लगाया हत्या का आरोप

मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर औरंगाबाद चौकी प्रभारी सुनील तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत संदिग्ध है और वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ हो सकेंगे। उधर मृतका के पति रमेश ने अपने ही बेटे पर हत्या का आरोप लगाया है।

### अवैध कब्जा हटाने पर अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव आधाचाट के लेखपाल अजीत कुमार ने बताया कि राजस्व ग्राम चिमनी, मजरा डिम्हौरा में खलिहान की भूमि पर महेंद्र कुमार और ओमप्रकाश तिरपाल और मिट्टी डालकर झोपड़ी बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था। इस दौरान महेंद्र कुमार द्वारा ने टीम के साथ अभद्रता भी की। हालांकि बाद में राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में कब्जा हटवा दिया गया। थाना खीरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## फोटो खींचने के बहाने ई-रिक्शा ले उड़े ठग

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** कस्बे के मुख्य चौराहे पर ई-रिक्शा फाइनेंस होने की बात कहकर दो युवकों ने चालक की फोटो खींचने के बहाने उससे चाभी ली और पलक झपकते ही ई-रिक्शा लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

मैगलगंज थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी प्रमोद कुमार रोज की तरह सवारी की तलाश में कस्बे के मुख्य चौराहे पर खड़ा था। इस दौरान दो युवक पहुंचे और खुद को ई-रिक्शा फाइनेंस से जुड़ा बताते हुए कागजी जांच की बात कही। उन्होंने चालक को ई-रिक्शा खड़ा कर फोटो खिंचवाने को कहा। तभी एक युवक ने चालक के हाथ से चाभी ले ली और दूसरा युवक ई-रिक्शा स्टार्ट कर दोनों फरार हो गए। घबराए पीड़ित ने यूपी 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास की सड़कों पर ई-रिक्शा की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य चौराहा होने के बावजूद न तो वहां कोई पुलिस मौजूद थी और न ही समय रहते नाकेबंदी की गई, जिससे ठग आसानी से फरार हो गए। पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के कई घंटे बीत जाने के बावजूद अब तक न तो रिपोर्ट दर्ज की गई है और न ही ठगों की तलाश के लिए ठोस कार्रवाई शुरू हुई। वह थाने के चक्कर काट रहा है।

पुलिस का कहना है कि संभव है कि ई-रिक्शा फाइनेंसरों द्वारा लिया गया हो। यदि ऐसा नहीं पाया गया और ठगी की पुष्टि होती है तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दिनदहाड़े मुख्य चौराहे से कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करती है और पीड़ित को न्याय दिला पाती है।

## गोवंशीय पशु का शव मिलने से सनसनी

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बौधिया कला के समीप नहर किनारे एक गौवंशीय पशु का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घटना पर रोष जताया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मझगईं थाना क्षेत्र के रमुआपुर निवासी सरवन ने बताया कि वह बाइक से जा रहे थे। तभी उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा जिनके चेहरे ढके हुए थे। संदेह होने पर आसपास खोजबीन की गई तो नहर किनारे एक गौवंशीय पशु का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने अज्ञात लोगों



मौके पर जांच करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

- हत्या की आशंका पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

पर पशु की हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजू राव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस को तहरीर दी है। पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का परीक्षण किया। डॉक्टरों के अनुसार घटना हाल की प्रतीत होती है। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

## भाकियू पदाधिकारियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु जिला अधिकारी को संबोधित उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निदान की मांग की है।

यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को दिए ज्ञापन में कहा है कि खतौनियों के अंश निर्धारण की बहुत बड़ी समस्या है। गांव स्तर पर खतौनियों के अंश निर्धारण को लेकर विवाद एवं भ्रम की स्थिति बनी हुई है। अतः प्रत्येक गांव में राजस्व विभाग द्वारा चौपाल लगाकर मौके पर ही समस्याओं का समाधान कराया जाए।

जिले में यूरिया की किल्लत को देखते हुए अग्रिम व्यवस्था



एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को लंबी लाइनों में लगकर खाद लेने के लिए मजबूर न होना पड़े। किसानों का जनरल वैरायटी का गन्ना खेतों में खड़ा है। संबंधित गन्ना विभाग द्वारा किसानों को शीघ्र जरनल गन्ना पर्ची उपलब्ध कराई जाए, जिससे किसान समय से अपना गन्ना आपूर्ति कर सकें। जिले में नकली डीएपी, एनपीके खाद की बिक्री की शिकायत प्राप्त हो रही हैं।

- खतौनियों का निर्धारण, बिजली समस्या, गन्ने की समस्याओं के समाधान की मांग

कृषि विभाग द्वारा विशेष टीम गठित कर छापेमारी की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, ट्यूबवेल लाइन एवं ग्रामीण घरेलू लाइन को अलग करने का जो कार्य चल रहा है उसमें तेजी लाई जाए, ताकि आगामी दिनों में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके। ज्ञापन देते समय जिला महासचिव रेशम सिंह, संगठन मंत्री संजय सिंह, जिला सचिव प्रसन्न दीप सिंह, राहुल वर्मा, तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मझिगवां में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम मझिगवां में मंगलवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव मझिगवां निवासी श्यामू पुत्र दूलीचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी पप्पी देवी (38) घर पर अकेली थीं। इसी दौरान गांव का अरुण कुमार पुत्र जगतपाल कथित तौर पर सुबह 9.30 बजे उनके घर पहुंचा। परिजनों का आरोप है कि अरुण कुमार ने पप्पी देवी की हत्याकर उसके शव को फंदे से लटका दिया। मृतका की



पप्पी देवी।

- परिजनों ने गांव के युवक पर लगाया हत्या का आरोप

बेटी रूपा देवी ने कथित तौर पर अरुण कुमार को उस वक्त देखा जब वह पप्पी देवी को फांसी के फंदे से उतार रहा था। आरोप है कि बेटी को देखते ही अरुण कुमार घबरा गया। उसने फंदे की रस्सी काटी और घर की दीवार फांदकर भाग गया। चैंकाने वाली बात यह है कि अरुण कुमार अपने साथ वह रस्सी भी ले गया, जिससे घटना और भी संदिग्ध हो गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। परिजनों ने तत्काल इस घटना की सूचना पुलिस को दी। श्यामू ने अपनी तहरीर में एक महत्वपूर्ण जानकारी भी दी है। उन्होंने बताया कि घटना से लगभग चार पांच दिन पहले उनकी पत्नी पप्पी देवी का आरोपी अरुण कुमार की मां के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। परिजनों ने आशंका जताई है कि इसी रंजिश के चलते पप्पी देवी की हत्या की गई और फिर शव को फांसी के फंदे पर लटकाकर इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में युवक घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव द्वारिकागंज ग्रंट लंदनपुर निवासी प्रांशु (22) पुत्र सुरजन लाल सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28/02/2004 बैनामा बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1468 पेज संख्या 257-278 जिसका क्रमांक नंबर 719/2004 है जिसमें विक्रेता राजवती वर्मा, एवं कुसुमलता है और क्रेता श्रीमती संतोष अग्निहोत्री है यह बैनामा हमारी बैग से वास्तव मे खो गया है। **ओमश्री पत्नी विजय कुमार नि मोहल्ला दाखिनौआ कस्बा अल्लाहगंज शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अब्दुल रउफ व नसरीन खातून को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जुवैदा पत्नी मरहूम नूर अहमद नि. म.सं. 125 कस्बा फतेहगंज पं., जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0856954 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं गुम हो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **प्रखर सिंह पुत्र राम औतार सिंह निवासी:- ग्राम सरौता पोस्ट कछला, बदायूं**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## दो बाइकों की टक्कर में पूर्व फौजी की मौत

**मझगई, अमृत विचारः** गांव खैरहना निवासी हरविंदर सिंह (पूर्व फौजी) बुधवार को बम्हनपुर से अपने घर लौट रहे थे। गुरुद्वारा के आगे सामने से आ रही एक बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने हरविंदर सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल का इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## जिले में मीजल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मीजल्स (खसरा) और रूबेला से बचाव के लिए जिले में एमआर टीकाकरण अभियान की शुरुआत सदर क्षेत्र स्थित सीबी सिंह गौड़ मेमोरियल स्कूल से की गई। आरंभ के मौके पर सदर विधायक योगेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, डिप्टी सीएमओ रवि सिंह और विश्व स्वास्थ्य संगठन के कंसल्टेंट मौजूद रहे।

अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 तक अथवा 5 से 10 आयु वर्ग के बच्चों को सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, मदरसों और अन्य शिक्षण संस्थानों में एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त डोज निःशुल्क लगाई जा रही है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि यह अभियान 27 फरवरी तक चलेगा। खसरा और रुबेला बच्चों की रोग



बच्चे के टीकाकरण के दौरान मौजूद सदर विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करते हैं, इसलिए समय पर टीकाकरण जरूरी है। इस दौरान रेडियो खीरी ने भी जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ग्रामीणों से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

**संपूर्णानगर।** क्षेत्र के सिंगाही खुर्द स्थित प्राइमरी स्कूल (कम्पोजिट विद्यालय) में मंगलवार को मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण एवं

- 5 से 10 आयु वर्ग के बच्चों को लगाई जा रही नि:शुल्क डोज

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के 125 बच्चों को मीजल्स-रूबेला का टीका लगाया गया। प्रधानाध्यापक हरविंदर कौर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 5 से 19



टीका लगातीं एएनएम के साथ आंगनबाड़ी, आशा और संगिनी। ● अमृत विचार

वर्ष तक के बच्चों का परीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में विद्यालय में आयोजित शिविर में बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। मेडिकल ऑफिसर डॉ. हेमलता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुल 201 बच्चों की जांच की गई, जिनमें सभी बच्चे सामान्य रूप से स्वस्थ पाए गए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे में किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी कमी पाई जाती है तो उसका उपचार निःशुल्क कराया जाता है। गंभीर स्थिति में आवश्यक ऑपरेशन की सुविधा भी सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराई जाती है। इस दौरान नीरू वाजपेयी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारा देवी, रेनू गुप्ता, निभा सिंह, संगिनी शशिकला, आशा कार्यकर्ता सुनीता रानी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## छात्र विनायक ने पास की जेईई मेंस परीक्षा

**पलिया कलां, अमृत विचारः** गुरुकुल एकेडमी स्कूल के छात्र विनायक बंसल ने जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण की है। भौतिक विज्ञान, रसायन व गणित जैसे विषयों में 99.79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता, गुरुजनों व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रबंधक मुकेश अग्रवाल ने छात्र विनायक व उनके परिजनों को बधाई दी है। छात्र विनायक ने कहा कि वे इस सफलता के लिए अपने माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद और अपने परिश्रम को श्रेय देते हैं। वह कक्षा 12 की परीक्षाओं के बाद जेईई एडवांस के लिए पूरी तैयारी करेगा।



